प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 26.06.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लखनऊ के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने रचा इतिहास : एक्सिओम–4 मिशन ने आज शाम करीब चार बजे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेंशन पर की सफल डॉकिंग।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला सहित मिशन सहयोगियों को दी बधाई : कहा– अतंरिक्ष विज्ञान में भारत वैश्विक शक्ति क तौर पर उभरा।
3. मुख्यमंत्री ने गाजियाबाद में सेंट्रल इलेक्ट्रानिक लिमिटेड के ग्रीन डाटा सेंटर का किया शिलान्यास : कहा– डबल इंजन सरकार की विकासोन्मुखी नीतियों से बदल रही है प्रदेश की तस्वीर। और
4. केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–2026 से 10वीं की बोर्ड परीक्षा वर्ष में दो बार करेगा आयोजित।

——————

लखनऊ के रहने वाले भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन–आई.एस.एस. पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गये हैं। कैप्टन शुक्ला और तीन अन्य सदस्यों को लेकर एक्सिओम–फोर मिशन आज शाम करीब चार बजे आई.एस.एस. पहुंचा। ग्रुप कैप्टन

शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष से एक वेबकास्ट में अपने सफर का ब्यौरा साझा किया। बाइट.....

*नमस्कार, एक छोटा सा संदेश मेरे सारे देशवासियों के लिए। एक महीने क्वारंटीन में रहने के बाद कल हम लोग लॉन्चपैड–39 से लॉन्च हुए। इस समय स्पेस में बहुत प्राउड फील कर रहा हूं। ये भारत के ह्युमेंस बेस प्रोग्राम भी, एक छोटा सा स्टेप और एक बहुत सॉलिड और स्टडी स्टेप है। उस डायरेक्शन में जिस तरफ हम जा रहे हैं, गगनयान जैसे मिशन को लेके। तो मैं चाहता हूं कि आप सब मेरी इस जर्नी का हिस्सा बनें। साथ ही उतना ही प्राउड फील करें जितना मैं फील कर रहा हूं। बिकोज ये हमारी एस्पीरेशन को दर्शाता है कि हम किस तरफ जाना चाहते हैं।*

लखनऊ में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के स्कूल में उनके परिवारजनों ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन–आई.एस.एस. डॉकिंग का सजीव प्रसारण देखा। इस मौके पर शुभांशु की मां आशा शुक्ला ने कहा कि हम भगवान के शुक्रगुजार है कि डॉकिंग सफलतापूर्वक हुई। हमें विश्वास है कि शुभांशु अपने काम में सफलता जरूर हासिल करेगा। बाइट......

*सफल लैंडिंग हो गयी है ये तो बहुत गर्व की बात है उनको तो बहुत खुशी हो रही है। सफलता का श्रेय हम अपने बच्चे को ही देंगे उसका खुद का श्रेय है उसमें उसकी कड़ी मेहनत और निष्ठा उसकी काम के प्रति लगन जो है उसने उसको इतना ऊंचाईयों के पहुँचाया है।*

इस मौके पर ग्रुप कैप्टन शुभांशु के पिता शंभुदयाल शुक्ला ने कहा कि यह अत्यन्त गर्व का क्षण है और हम भगवान के प्रति कृतज्ञ ह‍ं। बाइट.....

*ये बहुत ही अहम पड़ाव था उसके लिए उसने मेहनत करके जो भी सक्सेस प्राप्त की है उसके लिए हम बहुत खुश है और बच्चे पर गर्व है हमें बच्चा बोल्ड है हम लोग भी है मगर स्कूल ने बहुत कुछ दिया उसे।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सफलतापूर्वक अतंर्राष्ट्रीय अतंरिक्ष स्टेशन पहुंचने पर ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला सहित मिशन सहयोगियों को बधाई दी है। उन्होंने इस सफलता को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि अतंरिक्ष विज्ञान में भारत वैश्विक शक्ति के तौर पर उभरा है।

लखनऊ में जन्मे शुक्ला, 1984 में राकेश शर्मा की उड़ान के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। यह ऐतिहासिक मिशन अमरीका, भारत, पोलैंड और हंगरी के चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतराष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र में 14 दिनों के वैज्ञानिक अभियान के लिए ले गया है, जो लो–अर्थ ऑर्बिट–एलईओ में है, और जिसे हार्मनी मॉड्यूल के अंतरिक्ष के सामने वाले पोर्ट से डॉक किया गया है।

एक्सिओम–4 मिशन न सिर्फ एक वैज्ञानिक उपलब्धि है, बल्कि वैश्विक प्रौद्योगिकी महाशक्ति के रूप में भारत के बढ़ते कद का प्रमाण है। यह अंतरिक्ष नवाचार का नेतृत्व करने, स्थिरता को बढ़ावा देने और वैश्विक मिशनों में सार्थक योगदान देने की देश की क्षमता का परिचायक है।

शुभांशु शुक्ला भोजन और अंतरिक्ष पोषण से संबंधित उन्नत प्रयोग करेंगे।

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य सरकार विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिये निरन्तर गंभीर प्रयास कर रही है। श्री योगी ने यह बात आज गाजियाबाद के साहिबाबाद में सेंट्रल इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड–सीईएल के स्वर्ण जयंती समारोह में कही। इस दौरान उन्होंने सीईएल के डाटा सेंटर का शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की तस्वीर पूरी तरह से बदल गई है और वह हर क्षेत्र में लगातार तरक्को कर रहा है। बाइट.....

*प्रदेश के अंदर डबल इंजन की सरकार ने जो कार्य प्रारंभ किया आज उसका परिणाम आया है कि हम उत्तर प्रदेश के अंदर छह करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से उभारने में हमें मदद मिली। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को ढाई गुना से अधिक बढ़ाने में हमें मदद मिली है। पर कैपिटल इनकम को हमें उत्तर प्रदेश के अंदर ढाई गुना से अधिक बढ़ाने में मदद मिली। एक बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर को रोड इंफ्रास्ट्रक्चर का हो, रेलवे का हो, मेट्रो का हो, वाटर वे का हो। इसको देने में भी हमें सफलता प्राप्त हुई।*

समारोह में केन्द्रीय विज्ञान और तकनीकी राज्य मंत्री डॉ0 जितेन्द्र सिंह ने कहा कि डाटा सेंटर की स्थापना से प्रदेश में नवाचार और रोजगार सृजन में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस डाटा सेंटर की क्षमता 30 मेगावाट की होगी और हाईडेंट सिटी रैंक पर आधारित होगी।

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी पर्व, त्योहारों को देखते हुए सुदृढ़ कानून व्यवस्था, सौहार्द्रपूर्ण माहौल और जन–सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये कल देर रात शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी ग्यारह जुलाई से नौ अगस्त तक पावन सावन मास रहेगा। इस दौरान पारम्परिक कांवड़ यात्रा निकाले जाने के साथ, नागपंचमी और रक्षाबंधन जैसे पर्व मनाये जायेंग। इसी अवधि में कल से आठ जुलाई तक जगन्नाथ रथ यात्रा और सात जुलाई तक मोहर्रम के आयोजन सम्भावित हैं। यह पूरा समय राज्य की कानून व्यवस्था, चिकित्सा, स्वच्छता और आपदा प्रबंधन के लिहाज से काफी संवेदनशील हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ध्यान रखा जाय कि कांवड़ यात्रा, मोहर्रम और रथ यात्रा के दौरान भड़काऊ नारे और हथियारों का प्रदर्शन कतई न होने पाये।

———————

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दोपहिया वाहनों पर टोल टैक्स लगाने संबंधी मीडिया रिपोर्टों को खारिज कर दिया है। सोशल मीडिया पोस्ट पर श्री गडकरी ने कहा कि दोपहिया वाहनों के लिए टोल पर छूट जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि कुछ मीडिया संस्थान दोपहिया वाहनों पर टोल टैक्स लगाने के बारे में भ्रामक खबरें फैला रहे हैं। श्री गडकरी ने कहा कि भ्रामक खबरें फैलाकर सनसनी पैदा करना स्वस्थ पत्रकारिता नहीं है।

———————

बरेली में आंवला स्थित लिलौर झील का पुनरूद्धार कर इसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। आज प्रदेश के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने झील के जीर्णोद्धार कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य में पर्यटन की अपार संभावनाएं है और सरकार इस दिशा में प्रयास कर रही है। बाइट......

*इस एक सरोवर को आज पर्यटन के नक्शे पर लाने के लिए यह प्रयास किया जा रहा है। इस पक्षी बिहार भी बनेगा। पर्यटन से जोड़ने का भी काम होगा और ये नौकाएं और बाकी चीजें भी होंगी। ये पर्यटन के मैप पर लाने का काम प्रारंभ हुआ है। आज मैंने अपनी विधायक निधि से बीस लाख रूपये जिलाधिकारी को देने के लिए आश्वस्त किया है। समाज के सहयोग से भी यह बहुत अच्छा काम चलेगा। उत्तर प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं जो महाभारत कालीन सर्किट, रामायण कालीन सर्किट, बौद्ध सर्किट इस*

*तरीके से ये सर्किट बने हैं तो ये महाभारत कालीन परिपथ है जिस पर आज कार्यक्रम हो रहा है।*

———————

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने अगले साल से दसवीं की परीक्षा वर्ष में दो बार कराने की घोषणा की है। नई रूपरेखा के अनुसार पहली परीक्षा फरवरी में होगी, जो सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य होगी। दूसरी परीक्षा मई में होगी, जो उन विद्यार्थियों के लिए वैकलपिक होगी जो अपना प्रदर्शन बेहतर करना चाहते हैं। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को विज्ञान, गणित, समाज विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषय में अपना प्रदर्शन सुधारने की अनुमति होगी। दोनों चरणों के परीक्षा परिणाम क्रमशः अप्रैल और जून में घोषित होंगे।

———————

प्रदेश में रूक–रूक कर वर्षा होने से सहारनपुर, बिजनौर और अमरोहा सहित कई जिलों में नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है। बाढ़ की आशंका वाले जिलों में प्रशासन ने बाढ़ चौकियों को अलर्ट कर दिया है। वहीं मानसून की सक्रियता और बारिश के मद्देनजर बाढ़ से निपटने के लिये आज वाराणसी, कानपुर सहित प्रदेशभर में संयुक्त मेगा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में

एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, नागरिक पुलिस और स्वास्थ्य विभाग मॉकड्रिल में शामिल हुए।

(समाप्त)